EPS-09

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

(BDP)

सत्रीय कार्य 2024

तुलनात्मक सरकार और राजनीति (EPS-09)

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

पाठ्यक्रम कोड : EPS-09
सत्रीय कार्य कोड : EPS-09/Asst/TMA/2024

सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र/छात्राओं,

आपको राजनीती विज्ञान संकाय के 8 क्रेडिट के वैकल्पिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य पूर्ण करना होगा। यह एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर प्रत्येक विशिष्ठ भाग के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये, इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने के सतत् अभ्यास से आपको सत्रांत परीक्षा के लिए बेहतर उत्तर लिखने में मदद मिलेगी।

इस सत्रीय कार्य का निर्माण यह ध्यान रखकर किया गया है कि आप विभिन्न श्रेणियों के उत्तर लिख सकें। यह सत्रीय कार्य तीन भागों में विभाजित है। भाग I में 20–20 अंकों के दो वर्णनात्मक प्रश्न हैं। वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न अर्थात आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। यहां पर जांचकर्ता का प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ–जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

भाग II में 12–12 अंकों के चार प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर सटीक और संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। जांचकर्ता आपके विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की, विभेदन, तुलना और इसके विपरीत क्षमता की जांच करेंगे।

भाग III में 6–6 अंको के दो प्रश्न हैं। इन प्रश्नों का उद्देश्य व्यक्तियों, लेखन, घटनाओं तथा अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

प्रस्तुतीकरण : सभी सत्रीय कार्यों को अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास सत्रांत परीक्षा से दो महीने पहले जमा करने होंगें।

जून, 2024 के सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 31 मार्च, 2024 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा। दिसम्बर, 2024 की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 30 सितम्बर, 2024 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा।

अगर आपने इस पाठ्यक्रम के लिए पहले ही सत्रीय कार्य जमा कर दिया है और उसकी जांच के उपरांत उसे विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेज दिया है तब आपको इस सत्रीय कार्य को जमा करने की जरूरत नहीं है।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्रक्षेत्रीय केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र/क्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

पाठ्यक्रमः तुलनात्मक सरकार और राजनीति(EPS-09)
अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : EPS-09
सत्रीय कार्य कोड : EPS-09/Asst/TMA/2024
अंक : 100
महत्व : 30%

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

भाग – एक

अ) निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का लगभग 500–500 शब्दों में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

1. तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में राजनीतिक –अर्थव्यवस्था (Political –Economy) दृष्टिकोण की उपयोगिता और सीमाओं का वर्णन कीजिए। 20
2. लोकतांत्रिक व्यवस्था में, राजनीतिक दलों द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यों की चर्चा कीजिए। 20

भाग – दो

ब) निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का लगभग 250–250 शब्दों में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।

3. समाजों में सत्ता (शक्ति) के विभाजन की दृष्टि से अभिजात्यवादियों और बहुलवादियों की स्थिति का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 12
4. एकाधिकार शासन की विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। 12
5. एकात्मक (unitary) और संघीय व्यवस्थाओं के मध्य अंतर कीजिए। 12
6. दबाव समूह क्या हैं? ये राजनीतिक दलों से किस प्रकार भिन्न हैं? 12

भाग – तीन

स) निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों पर लगभग 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। प्रत्येक प्रश्न छह अंक का हैं।

7. लेनिन और व्यापार संघ आंदोलन 6
8. लेकतांत्रिक अधिकार और मानव अधिकार 6

....